तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 दिसंबर 2024

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

12 कुएं के कारण बढ़ गया था खतरा, जगह की ऊंचाई बढ़ाकर...



11 बेलमाण्ड में लगा पशु मेला



## खबर संक्षेप

### 108 पौवा देशी शराब के साथ कोचिया पकड़ाया

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में महिपाल यादव के पोल्ट्री फार्म के पास नेवारीकला निवासी दिलीप सतनामी 35 वर्ष अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा था, जिसे कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। कब्जे से 108 पौवा नग शराब एवं 200 रुपए को जब्त किया है। वहीं, बालोद पुलिस ने दिलीप सतनामी के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पाऊवारा में मारपीट मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम पाऊवारा में आपसी बात को लेकर तीन लोगों में मारपीट हो गई। गुरुवार को रनचिरई थाने में दो लोगों के खिलाफ धारा 115(2)बीएनएस, 296बीएनएस, 3(5)बीएनएस, 351(2)बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राथी कौशल यादव ने बताया कि बुधवार को बाबा गुरु घासीदास जयंती पर रात्रि में ग्राम पाऊवारा के कलामंच में रिकर्डिंग डांस कार्यक्रम हो रहा था, जिसे देखने के लिए गया था। उसी दौरान किराना दुकान के पास गुटखा लेने गया था, तभी गांव के भूपतिराज और जुगनु राम ने मुझे देखकर बिना कारण गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। वहीं, हाथ में पहने चूड़ा से भी मस्तक में मारा है।

### बघमरा में क्रिकेट प्रतियोगिता आज

**बालोद।** ग्राम बघमरा में नवयुवक मंडल बघमरा द्वारा रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 20 दिसंबर को किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है।

### टेंगना बरपारा में मड़ई-मेला आज, हितेकसा में 25 को

**गुरूर।** ग्राम टेंगना बरपारा में 20 दिसम्बर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। सरपंच पवर सिह यादव ने बताया कि रात्रि में गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी निपानी का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम हितेकसा में 25 दिसम्बर को मेला मड़ई का आयोजन होगा। सरपंच भूपेश कुमार हिरवानी ने बताया कि रात्रि में माटी के सिंदूर छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी बूटाकसा होच्चेटोला अंबागढ़ चौकी का कार्यक्रम रखा गया है।

### पसौद (हल्दी बेलोदी) में मड़ई-मेला 5 को

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसौद (हल्दी बेलोदी) में 5 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। सरपंच पति चुरामन यादव ने बताया कि ग्राम में मड़ई मेला के आयोजन का यह 28 वां वर्ष है। पंच खिलावन साहू ने बताया कि इस अवसर पर ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में राधा कृष्ण लोक कला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी दर्रे बंजारी तहसील छुरिया जिला राजनांदगाव वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन का सम्मेलन 23 को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन जिला बालोद के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी का सम्मेलन 23 दिसंबर को बालोद में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष हरिश्चंद्र निषाद, विशेष अतिथि सुधीर नायक, डब्ल्यूआर वानखेडे, टीआर केवट, पीके दुबे उपस्थित रहेंगे। पेंशनर समाज बालोद के आरएन साहू ने उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### सिर्राभांठा में हरिनाम संकीर्तन 30 व 31 को

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम सिर्राभांठा निवासी समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा एवं रानी सिन्हा द्वारा दो दिवसीय हरिनाम संकीर्तन भजन का आयोजन 30 एवं 31 दिसम्बर को रखा गया है। कथावाचक कामता प्रसाद शरण कुड़ेरादादर वाले होंगे। कार्यक्रम प्रातः 10 से 12:30 बजे एवं दोपहर 3 बजे से 5:30 तक होगा।

---

चुनाव

**जिले में नगर पालिका व नगर पंचायतों के चुनाव के लिए गुरूवार को हुआ आरक्षण**

# नगर पालिका परिषद बालोद की 20 में से 7 सीटों महिलाओं के लिए आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में नगर पालिका व नगर पंचायतों के चुनाव के लिए गुरूवार को आरक्षण सूची जारी की गई। नगर पालिका परिषद् बालोद के आगामी चुनाव के लिए वार्डों के लिए हुए वार्डों का आरक्षण कर सूची जारी कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की उपस्थिति में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के नगरीय निकायों में पार्षद पद हेतु आरक्षण की कार्यवाही छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 के नियम 22–क के अनुसरण में की गई।

आरक्षण की कार्यवाही जिले के नगर पालिका परिषद बालोद एवं दल्लीराजहरा, नगर पंचायत गुण्डरदेही, डौण्डी, डौण्डीलोहारा, गुरूर, चिखलाकसा एवं अर्जुंदा हेतु की गई। कार्यवाही के दौरान अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित अन्य संबंधित अधिकारी और नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक आदि मौजूद थे। इसके तहत बालोद के वार्ड 01 ओबीसी में ओबीसी महिला, वार्ड 02 ओबीसी मुक्त, वार्ड 03 सामान्य महिला, वार्ड 04 ओबीसी मुक्त, वार्ड 05 सामान्य महिला, वार्ड 06 ओबीसी मुक्त, वार्ड 07 एससी मुक्त, वाड्र 08 सामान्य महिला, वार्ड 09 सामान्य मुक्त, वार्ड 11 सामान्य मुक्त, वार्ड 12 सामान्य मुक्त, वार्ड 13 एससी महिला, वार्ड 14 सामान्य मुक्त, वार्ड 15 एसटी अनारक्षित, वार्ड 16 सामान्य मुक्त, वार्ड 17 एसटी महिला, वार्ड 18 सामान्य मुक्त, वार्ड 19 ओबीसी महिला, वार्ड 20 ओबीसी मुक्त का आरक्षण प्रदान किया गया है।

### दल्लीराजहरा नगर पालिका परिषद

दल्लीराजहरा नगर पालिका परिषद वार्ड आरक्षण चुनाव 2025 के तहत वार्ड क्रमांक 1 मुक्त, वार्ड क्रमांक 02 मुक्त, वार्ड क्रमांक 3 अनारक्षित मुक्त, वार्ड 4 क्रमांक अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 5 अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 6 एसटी महिला, वार्ड क्रमांक 7 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 8 अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 9 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 10 अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित हुआ है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 11 ओबीसी मुक्त, वार्ड क्रमांक 12 ओबीसी महिला, वार्ड क्रमांक 13 अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 14 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 15 ओबीसी मुक्त, वार्ड क्रमांक 16 एसटी मुक्त, वार्ड क्रमांक 17 एसटी महिला, वार्ड क्रमांक 18 एससी महिला, वार्ड क्रमांक 19 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 20 अनारक्षित मुक्त है। वहीं, वार्ड क्रमांक 21 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 22 ओबीसी मुक्त, वार्ड क्रमांक 23 एससी मुक्त, वार्ड क्रमांक 24 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 25 एससी मुक्त, वार्ड क्रमांक 26 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 27 एससी मुक्त आरक्षण किया गया है।

## *महिलाओं के लिए आरक्षित 7 में से एसटी 1, एससी 1 ओबीसी 2 और 3 वार्ड सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित*

### नगर पंचायत डोंडी

नगर पंचायत डोंडी के आरक्षण चुनाव 2025 के तहत वार्ड क्रमांक 1 अनुसूचित जनजाति महिला, वार्ड क्रमांक 02 अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 3 अनारक्षित महिला, वार्ड 4 क्रमांक अनुसूचित जनजाति मुक्त, वार्ड क्रमांक 5 अनुसूचित जनजाति मुक्त, वार्ड क्रमांक 6 अनुसूचित जाति मुक्त, वार्ड क्रमांक 7 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 8 अनुसूचित जनजाति महिला, वार्ड क्रमांक 9 अनुसूचित जनजाति मुक्त, वार्ड क्रमांक 10 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड क्रमांक 11 अनुसूचित जनजाति मुक्त, वार्ड क्रमांक 12 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 13 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 14 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 15 अनुसूचित जनजाति मुक्त आरक्षण किया गया है।




### नगर पंचायत डौंडीलोहारा में आरक्षण की स्थिति

**डौंडीलोहारा।** बालोद जिले के सभी नगरी निकाय क्षेत्रों के लिए पार्षदों के आरक्षण की प्रक्रिया कलेक्टोरेट बालोद में पूरी की गई, जिसमें नगर पंचायत डौंडीलोहारा के लिए भी वार्डों का आरक्षण किया गया। इसके अनुसार मड़ियापाट वार्ड क्रमांक 01- अनुसूचित जनजाति मुक्त वर्ग , टिकरापारा वार्ड क्रमांक 02 - सामान्य मुक्त वर्ग ▶▶| शेष पेज 11 पर

### नगर पंचायत अर्जुन्दा

नगर पंचायत अर्जुन्दा अंतर्गत वार्ड आरक्षण चुनाव 2025 के तहत वार्ड क्रमांक 1 अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 02 अनुसूचित जाति मुक्त, वार्ड क्रमांक 3 अनारक्षित मुक्त, वार्ड 4 क्रमांक अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्रमांक 5 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 6 अनुसूचित जाति मुक्त, वार्ड क्रमांक 7 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 8 अनुसूचित जनजाति मुक्त, वार्ड क्रमांक 9 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 10 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड क्रमांक 11 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड क्रमांक 12 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड क्रमांक 13 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 14 अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 15 अनारक्षित महिला आरक्षण किया गया है।

### चिखलाकसा नगर पंचायत

चिखलाकसा नगर पंचायत के अंतर्गत वार्ड आरक्षण चुनाव 2025 के तहत वार्ड क्रमांक 1 अनुसूचित जनजाति मुक्त, वार्ड क्रमांक 02 अनुसूचित जाति मुक्त, वार्ड क्रमांक 3 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड 4 क्रमांक अनुसूचित जनजाति मुक्त, वार्ड क्रमांक 5 अनुसूचित जनजाति मुक्त, वार्ड क्रमांक 6 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 7 अनुसूचित जनजाति महिला, वार्ड क्रमांक 8 अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 9 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 10 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्रमांक 11 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 12 अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 13 अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 14 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 15 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 16 अनारक्षित महिला आरक्षण किया गया है।

### गुण्डरदेही नगर पंचायत

गुण्डरदेही नगर पंचायत के तहत वार्ड क्रमांक 01 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 02 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 03 अनुसूचित जनजाति मुक्त, वार्ड क्रमांक 04 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्रमांक 05 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 06 अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 7 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 08 अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 09 अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 10 अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड क्रमांक 11 अनुसूचित जाति, वार्ड क्रमांक 12 अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 13 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड क्रमांक 14 अनुसूचित जाति मुक्त, वार्ड क्रमांक 15 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त को आरक्षण प्रदान किया गया है।

### गुरूर नगर पंचायत

गुरूर नगर पंचायत के तहत वार्ड क्रमांक 01 नेता जी सुभाश वार्ड अनारक्षि मुक्त, वार्ड क्रमांक 02 देउर मंदिर वार्ड अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 03 महात्मा गांधी वार्ड अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 04 शहीद वीरनारायण वार्ड ओबीसी महिला, वार्ड क्रमांक 05 डॉ अंबेडकर वार्ड अनारक्षित महिला, वार्ड नंबर 06 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड ओबीसी मुक्त, वार्ड क्रमांक 07 वार्ड शीतला माता वार्ड ओबीसी मुक्त, वार्ड क्रमांक 08 ठाकुर दाई वार्ड अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 09 शहीद भगत सिंह वार्ड ओबीसी मुक्त, वार्ड क्रमांक 10 गुरू घासीदार वार्ड अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 11 सरदार पटेल वार्ड एसटी मुक्त, वार्ड क्रमांक 12 पंडित दीनदयाल वार्ड अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 13 रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 14 रानी दुर्गावती वार्ड एससी महिला, वार्ड क्रमांक 05 वीर सावरकर वार्ड एससी मुक्त आरक्षण प्रदान किया गया है।

---

# मंगचुआ पुलिस ने सुलझाई चिलमगोटा में हुई हत्या की गुत्थी, आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ आरोपी ने कहा आए दिन धमकी और गालीगलौज के कारण गुस्से में आकर कर दी हत्या

ग्राम चिलमगोटा के आवासपारा में 17 दिसंबर को मिली एक व्यक्ति की लाश की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी मंगचुवा राधा बोरकर से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 17.12.2024 को सुबह 07:30 बजे सूचना मिली कि ग्राम चिलमगोटा के आवासपारा में कोई व्यक्ति मृत हालात में रोड में पड़ा है। सूचना पर थाना मंगचुवा की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी उप निरीक्षक राधा बोरकर सहित टीम की उपस्थिति में पंचनामा किया गया। इस दौरान पता चला कि 16 दिसंबर की शाम 06:30 बजे से 17दिसंबर की सुबह 05:30 बजे के बीच हेमलाल कोसमा पिता स्व. पंचुराम कोसमा उम्र 40 वर्ष ग्राम चिलमगोटा आवासपारा, के सिर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई थी। मामले में क्र. 0/2024 धारा 194 बीएनएसएस पंजीबद्ध कर शव पंचनामा किया गया। वहीं, मौके पर एफएसएल टीम वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहन पटेल एफएसएल दुर्ग ने शव व घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना मंगचुवा में अपराध धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में प्रार्थी व साक्षियों के कथन एवं परिस्थिति जन्य साक्ष्य के आधार पर संदेही टीकम राम रावटे नामक व्यक्ति ग्राम चिलमगोटा पर संदेह जाहिर हुआ। संदेही टीकम राम रावटे के संबंध में जानकारी लेने पर पता चला कि वह 17 दिसंबर की सुबह से गायब है। पतासाजी कर टीकम राम रावटे पिता स्व. जगदेव रावटे उम्र 31 साल साकिन ग्राम चिलमगोटा को पकड़कर पूछताछ की गई।



**चाची से छेड़छाड़ बनी वजह**

पूछताछ के दौरान टीकमराम ने बताया कि हेमलाल कोसमा उसकी चाची को गलत बात बोलकर छेड़ता था, जिसके कारण उनमें विवाद हुआ था। वहीं, हेमलाल बार-बार तुम्हें देख लूंगा कहकर गाली गलौज करता था। उसने बताया कि 16 दिसंबर को भी शाम को लगभग 07:15 बजे उसने गालीगलौज की, जिसके कारण गुस्से में आकर घर में रखे लोहे पट्टे को ले जाकर रास्ते में हेमलाल कोसमा के सिर पर वार कर दिया। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयोग किए गए लोहे के धारदार औजार को जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

# 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में कुल 113 केंद्र बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कक्षा 10वीं में 11220 व 12वीं में 8463 परीक्षार्थी होंगे शामिल




जिले में बोर्ड परीक्षा के तहत 5 विकासखण्ड में 113 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इसके तहत कुल 19683 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इसमें 10वीं में 11220 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे व 12वीं में 8463 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इसके तहत अब दो परीक्षा केन्द्रों में वृद्धि की गई है, जिसमें से हाई स्कूल अमलीडीह बालोद व हाई स्कूल कांदुल को नया परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इसके तहत हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा के तहत बालोद विकासखण्ड में 16 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। इसमें 10वीं में 1911 परीक्षार्थी व 12वीं में 1377 परीक्षार्थी सहित कुल 3288 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। गुरूर विकासखण्ड में 19 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 10वीं में 2004 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे व 12वीं मे 1543 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

कुल 3547 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में 29 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 10वीं मे 2816 परीक्षार्थी व 12वीं में 2151 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कुल 4967 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। गुण्डरदेही विकासखण्ड में 26 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है जिसमें 10वीं में 2725 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे व 12वीं में 2183 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कुल 2908 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। डौण्डी विकासखण्ड अंतर्गत 21 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 10वीं में 1764 परीक्षार्थी व 12वीं में 1209 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे कुल 2973 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

# पूर्व विधायक सांवला राम के पिता संत बलदेव साहेब पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

■ रनचिराई थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज, एसडीएम ने भेजा जेल

रनचिराई थाना अंतर्गत ग्राम मटिया में 18 दिसंबर को अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सांवला राम डहरे के पिता 92 वर्षीय संत बलदेव साहेब पर गांव के ही कुलदीप डहरे पिता नेहरू डहरे ने प्राण घातक हमला कर दिया।

अहिवारा के पूर्व विधायक सांवला राम डहरे ने बताया कि हमले में संत बलदेव साहेब के सिर पर गंभीर चोट आई है। पीड़ित ने रनचिरई थाना में लिखित शिकायत की है। पीड़ित का डॉक्टरी मुलाहिजा कर दुर्ग रेफर किया गया है, जहां पर उपचार जारी है। आरोपी के उक्त कृत्य को देखते हुए रनचिरई थाना प्रभारी उमा ठाकुर ने उसके खिलाफ धारा 151 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आपको बता दें कि संत बलदेव साहेब कबीर पंथ के साधु ने 2014 में संन्यास ले लिया है,जो ढाबा कुम्हारी के ▶▶| शेष पेज 11 पर

# जादू-टोना के नाम पर धोखाधड़ी डेढ़ लाख के जेवर की हुई ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ पति की गैर मौजूदगी में पत्नी से अज्ञात आरोपी ने की ठगी

पति की गैर मौजूदगी में पत्नी से अज्ञात व्यक्ति ने जादू टोना का झांसा देकर और जान जाने का भय देकर लगभग 1 लाख 50 हजार रूपये के जेवरात की धोखाधड़ी किया है।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर अर्जुन्दा थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 308(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में ओडारसकरी निवासी भोलाराम साहू के अनुसार बुधवार की दोपहर मेरी पत्नी, मां, छोटा बेटा के साथ गांव में हो रहे भागवत को सुनने के लिए जा रहे थे, घर के सामने गली में एक व्यक्ति मोटर सायकिल में मिला, जो पत्नी को आपका मेहमान हूं करके पहचान बताई। चलो आपके घर कहने पर पत्नी तथा मेरा लड़का के साथ मोटर सायकिल से घर आए फिर वह व्यक्ति मेरी पत्नी को किसी ने तुझे जादू टोना कर दिया है। मैं उसे दूर कर दूंगा बोला और मेरी पत्नी को कहा कि यदि तुम एक महिने तक गहना जेवर पहनोगी तो तुम मर जाओगी, बोलकर मेरी पत्नी को भयभीत किया और तुम जितना सोना चांदी के जेवरात पहनी हो और घर में रखी हो उसे मुझे निकाल कर दो कहा कि तब मेरी पत्नी अपने कान में पहने दो नग सोना के टाप्स, गला में पहने तीन पत्ती वाला सोने का मंगलसूत्र, घर के आलमारी में रखे एक जोड़ा सोने का टाप्स, एक नग मंगलसूत्र 06 नग गेहूं दाना लगा, दो जोड़ी चांदी के पायल व नगदी रकम 1000 रुपए को अज्ञात व्यक्ति को दे दी। अज्ञात व्यक्ति ने सभी जेवर को गांव के सियार से फूंक झाड़ कर ला रहा हूं कहकर ले गया।

---

**ग्राम पंचायत भोथली में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुईं जिपं सदस्य**

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी देती हैं : माया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दुर्ग ग्रामीण परियोजना के अंजोरा ख परिक्षेत्र में ग्राम पंचायत भोथली के प्राथमिक शाला भोथली में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसके तहत आंगनबाड़ी के छोटे बच्चे सुरभि साहू, तानिया साहू, योगेश साहू, प्रियांशु साहू, चेतना साहू, कनिका सेन, रोशनी निषाद ने गीत सुनाए। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी व स्कूलों के बच्चों एवं महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ करवाई गई। कार्यक्रम में दीक्षांत साहू और नुवांश साहू का अन्नप्राशन खीर खिलाकर किया गया एवं 6 माह तक सिर्फ और सिर्फ मां का दूध पीना चाहिए और 6 माह के पश्चात दूध के साथ अनिवार्य रूप से अतिरिक्त पोषण आहार खिलाया जाए का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन थीं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे बहुत ही छोटे बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की ओर ध्यान देती हैं एवं बच्चों को आंगनबाड़ी के माध्यम से अच्छे संस्कार प्रदान करती हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अनुरोध किया कि वे अनिवार्य रूप से विभाग की सभी सेवाओं का लाभ ले और इसी प्रकार से घरों में भी बच्चो के स्वास्थ्य एवं पोषण में ध्यान दें। श्रीमती बेलचंदन ने बेटी के साथ ही बेटों को भी अच्छे संस्कार देने का आग्रह किया, ताकि बेटियां घर और बाहर दोनों स्थान पर अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकें। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना से प्राप्त पैसों का सही उपयोग कर रही महिला हितग्राहियों को शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।







### आंबा कार्यकर्ताओं सहित प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

इस अवसर पर ग्राम पंचायत भोथली के सरपंच सुरेश कुमार साहू ने पंचायत की आंगनबाड़ी में स्मार्ट शिक्षा एवं स्वच्छ जल के लिए स्मार्ट टीवी एवं वाटर फिल्टर प्रदान किया। वहीं, परियोजना द्वार सुरेश कुमार साहू को आंगनबाड़ी को विशेष दिशा की ओर ध्यान आकृष्ट के लिए शॉल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भोथली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना निषाद, तिरगा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तुमेश्वरी बेलचंदन, नेहा तिवारी, झोला की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तारनी देशमुख एवं सतरूपा मंडावी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को भी पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण जागरुकता माह का समापन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग (आरईडी) में विभागीय पर्यावरण जागरूकता माह का समापन समारोह हुआ। मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास, महाप्रबंधक राजेश गर्ग और उप महाप्रबंधक एस के अग्रवाल उपस्थित थे। महीनेभर चले तक चले जागरूकता माह के तहत कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों के बीच पर्यावरणीय सामंजस्य को बढ़ावा देने के विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। वरिष्ठ प्रबंधक राकेश सिंह ठाकुर ने आरईडी द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। एजीएम मालिनी परगनिहा ने रोजमर्रा की गतिविधियों में पर्यावरण महत्व को बताया। 56 बीएसपी कर्मचारियों और 14 श्रमिकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उप प्रबंधक (एचआर) शालिनी चौरसिया ने व वरिष्ठ प्रबंधक मोहित कुमार ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। एजीएम अमित राय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### कार्मिकों की पत्नियों ने किया संयंत्र भ्रमण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सर्विसेस जोन के अंतर्गत आने वाले विभागों ईएमडी, एमआरडी, आरएमडी, पीपीसी, सीसीडब्ल्यू और सीएमडी विभाग में कार्यरत कार्मिकों की पत्नियों ने आप भी जानिए कार्यक्रम के तहत संयंत्र का भ्रमण किया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कान्त की अध्यक्षता में कार्यक्रम के अध्यक्ष थे। सर्विसेस जोन के विभागों के 20 कर्मचारियों की पत्नियाँ शामिल हुई। मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक एस के सोनी, महाप्रबंधक संजय द्विवेदी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कर्मचारियों की पत्नियों के संयंत्र की उत्पादन प्रक्रिया में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष योगदान को रेखांकित किया। एजीएम जया राय ने स्वागत भाषण दिया। सीजीएम ने राष्ट्र निर्माण में संयंत्र के उत्पादों के योगदान पर चर्चा की। संयंत्र भ्रमण के दौरान पत्नियों को संयंत्र की प्रमुख उत्पादन इकाइयों में इस्पात उत्पादन एवं रोलिंग प्रक्रिया को देखा। सुरक्षा एजीएम अवनीश दुबे ने संयंत्र भ्रमण से संबंधित सुरक्षा निर्देशों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक उपेन्द्र कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी साजिद हुसैन, अनुभाग अधिकारी लक्ष्मी दौलतानी व अफजल खान, नीरज गुप्ता बिरेन्द्र ओरांव, प्रिय ठाकुर, सोमा रानी, श्री अंजोर भी उपस्थित थे।

## निधन

### विजय कुमार साहू




**डौंडीलोहारा।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 राजापारा निवासी विजय कुमार साहू 39 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। वे देवप्रसाद साहू के पुत्र और गजेंद्र गज्जू साहू के छोटे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# आखिरकार पंडवानी गायिका तीजन को मिली पांच लाख रुपए की सरकारी मदद

## स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल विधायकों के साथ तीजन के घर गनियारी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पिछले डेढ़ साल से बीमारी और आर्थिक तंगी से जूझ रहीं अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई के प्रति आखिरकार राज्य सरकार ने उदारता दिखाई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विधायकों के साथ प्रशासनिक व स्वास्थ्य टीम के साथ पंडवानी की लोक गायिका तीजन की हालत जानने मंगलवार को उनके निवास गांव गनियारी पहुंचे। उन्होंने तीजन बाई और उनके परिजनों से मुलाकात कर हाल-चाल पूछा और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के तरफ से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक पंडवानी गायिका को प्रदान किया। साथ ही शासन स्तर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने का भरोसा भी परिजनों को दिलाया। परिजनों के अच्छे व सतत इलाज के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी की माँग पर मंत्री श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री से चर्चा करने का भी आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्देश दिया है कि छत्तीसगढ़ की पहचान पद्म विभूषण तीजन बाई के इलाज में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इलाज के लिए चिकित्सकों की एक टीम भी तैनात की गई है जो लगातार उनका मेडिकल बुलेटिन भी जारी करते रहते हैं। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री ने तीजन बाई को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। चिकित्सकों की टीम ने तीजन का चेकअप भी किया। इस अवसर पर अहिवारा के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर और शहर के विधायकं गजेंद्र यादव,संचालक स्वास्थ्य सेवाये, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एसडीएम, तहसीलदार ,सीएमएचओ डां. मनोज दानी और चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मचारी भी मौजूद थे।



### मंत्री के हौसले से परिजनों को नई उम्मीद

पंडवानी गायिका 78 वर्षीय तीजन बाई पिछले डेढ़ साल से पैरालाइज व हार्ट की बीमारी से अस्वस्थ चल रही हैं। पहले की तरह बात नहीं कर पातीं और बेड पर ही हैं। उन्होंने पंडवानी की अंतिम प्रस्तुति दो साल पूर्व भोपाल में दी थी। परिजनों ने बताया कि परिवार में कोई सरकारी नौकरी में नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री ने तीजन व परिजनों का हौसला बंधाते हुए मुख्यमंत्री से चर्चा कर शासन स्तर पर भरसक मदद की बात कही। इस दौरान पंडवानी गायिका तीजन बाई की बहन रंभा, बहू सावित्री, रेणू देशमुख, नाती सिद्धार्थ आदि परिवार के सदस्य उपस्थित थे। रेणू ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री की हौसलाआफजाई से तीजन अम्मा सहित परिवार को नई उम्मीद बंधी है। उन्होंने 5 लाख की आर्थिक सहायता के साथ बेहतर इलाज करवाने का भी भरोसा दिलाया है।

### अधिकारियों की पूरी हो रही मांगें, कर्मियों की अटकाए

# सेल में कर्मियों और अफसरों के बीच भेदभाव से बढ़ रहा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई


सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) में सुविधाओं को लेकर कर्मचारियों व अधिकारियों किए जा रहे भेदभाव से कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों के लगातार ज्ञापन से लेकर आंदोलन के जरिए ध्यानाकर्षण के बाद भी कर्मियों की लंबित समस्याओं का निदान नहीं किया जा रहा है। बीएकेएस के मुताबिक अधिकारियों के सभी माँगो को पूरा किया जा रहा है तो दूसरी तरफ सेल कर्मचारियो के मुद्दो को वर्षो से अटकाए रखा गया है ।

बीएकेएस के उप महासचिव नवीन ने बताया कि कर्मचारियों की कई मांगों का निदान अब तक नहीं किया गया है। कई मुद्दे लंबित हैं। वेज रीविजन एमओए,. फिटमेंट तथा पर्क्स एरियर का भुगतान, बोनस फॉर्मुला में सुधार, हाउस पर्क्युजिट में आयकर छूट,एनजेसीएस में सुधार ग्रेड वाईज पदनाम, सुपरवाईजरी कैडर, ट्रांसफर कर्मचारियों की घर वापसी, इंसेंटीव रिवार्ड में सुधार, छुट्टियों की संख्या को अधिकारी वर्ग के बराबर करने आदि मांगें लंबित हैं।

### कम हो कर्मी

| साल | कर्मचारी |
|---|---|
| 2024-25- | 2890 |
| 2025-26- | 2693 |
| 2026-27 - | 2713 |
| 2027-28- | 3006 |
| 2028-29- | 3016 |
| 2029-30- | 2866 |
| 2030-31- | 2583 |
| 2031-32- | 2523 |
| 2032-33- | 2138 |
| कुल- | 24428 |

### घट रहे कर्मी, बढ़ रही समस्याएं



### अनफेयर लेबर प्रेक्टिस

“ इस्पात मंत्रालय की मिनिरत्ना कंपनी एमओआईएल तथा मेकॉन के कर्मचारियों की सुविधाएँ सेल कर्मचारियों के मुकाबले कई गुना अधिक है । सेल प्रबंधन लगातार अनफेयर लेबर प्रेक्टिस किए जा रहा है ।

**नवीन ध्रुव,** उप महासचिव बीएकेएस



# बेलमाण्ड में लगा पशु मेला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला पशु विभाग व पशुधन विकास विभाग द्वारा ग्राम बेलमाण्ड में पशु मेला, उत्सव प्रदर्शनी एवं गौ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत बालोद की सभापति ललिता पीमन साहू रही, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू ने की, वही विशेष अतिथि जनपद उपाध्यक्ष कल्याण साहू, जिला भाजपा महामंत्री राकेश यादव, जनपद सदस्य पूनम साहू, सरपंच मधुलता यादव, ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र साहू रहे। कार्यक्रम का आयोजन कृषकों एवं पशुपालको में पशुपालन के प्रति जागरूकता लाने व सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के पशुओं का प्रदर्शन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट पशुओं का चयन कर पशुपालकों को पुरस्कृत किया गया। विभाग के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई, गौपूजन के साथ साथ गौसेवकों का सम्मान भी किया गया।



## विष्णु के सुशासन की पाती का किया गया वितरण...



**डौंडीलोहारा।** ग्राम भेड़ी में गुरुवार को आंगनबाड़ी के पास कलामंच में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ग्राम के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में ग्राम के महतारी वंदन के हितग्राहियों को विष्णु की पाती का एक बुकलेट प्रदान किया। उक्त अवसर पर पर्यवेक्षक ज्योत्सना वी त्रिपाठी सरपंच रुखमणी राणा उपस्थित रहीं। साथ ही साथ सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें नन्हीं बच्ची दीपिका का अन्नप्राशन किया गया। उपस्थित पर्यवेक्षक ज्योत्सना वी त्रिपाठी ने विभागीय विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उक्त अवसर अनुसुइया साहू, हेमलता ओरेंद्र और ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## भारतीय खान ब्यूरो के दल ने रावघाट खदान का किया निरीक्षण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट लौह अयस्क खदान में भारतीय खान ब्यूरो के तत्वावधान में "आठवीं खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह" का आयोजन किया गया। ब्यूरो द्वारा नामित निरीक्षण दल द्वारा खदान का अवलोकन किया गया। दल के संयोजक, उप महाप्रबन्धक (एनएमडीसी) सुशांत रामटेक थे व सदस्य दीपांकर साहा और मोतीलाल जाट उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार तथा महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट थे। कार्यक्रम में शपथ ग्रहण के बाद महाप्रबंधक श्री बिष्ट ने स्वागत भाषण और खदान प्रबंधक कौशल किशोर गुप्ता द्वारा अतिथियों को खदान में किए जा रहे खनन कार्य के बारे में समझाया गया तथा पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण के प्रयासों की जानकारी दी । खदान के निरीक्षण के बाद ग्राम खोडगांव, नारायणपुर में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, खदान के अधिकारी, कर्मचारी एवं डीएवी स्कूल, नवोदय स्कूल, कस्तूरबा गांधी स्कूल के शिक्षक सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

# आईटीआई गुण्डरदेही में हुई रंगोली और वाद विवाद प्रतियोगिता

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले राज्य सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय आईटीआई गुण्डरदेही में रंगोली एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्राचार्य ने बताया कि राज्य सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में सभी व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें राज्य शासन की योजनाओं एवं उपलब्धियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षण अधिकारी, कार्यालयीन स्टॉफ सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।






# एसएमएस 2 में पौधारोपण कार्यक्रम, किया जागरूक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शाप 2 (एसएमएस-2) विभाग द्वारा पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के तहत स्लैब एवं ब्लूम स्टोरेज यार्ड में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने एवं संयंत्र के कार्बन फुटप्रिंट कम करने पर जोर दिया गया।कार्यकारी निदेशक राकेश कुमार मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषारकांत व एसके घोषाल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विभागीय कर्मियों ने भी योगदान दिया। उद्देश्य जैव विविधता को बढ़ाना, वायु गुणवत्ता में सुधार करना एवं एक स्वस्थ औद्योगिक वातावरण बनाना है। अतिथियों ने कहा कि यह अभियान औद्योगिक परिसर के भीतर पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा देते हुए एक हरियाली भरे और स्वस्थ भविष्य के निर्माण में सामूहिक योगदन को प्रदर्शित करता है।




## पेज 9 के शेष

### नगर पंचायत डौंडीलोहारा ..

भगत सिंह वार्ड क्रमांक 03- सामान्य मुक्त वर्ग, जैन मंदिर वार्ड क्रमांक 04- सामान्य महिला वर्ग, भारत माता वार्ड क्रमांक 05- अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया। इसी तरह गुरु घासी दास वार्ड क्रमांक 06- सामान्य महिला वर्ग, झमित कुंवर देवी वार्ड क्रमांक 07- सामान्य मुक्त वर्ग, महावीर वार्ड क्रमांक 08- अनुसूचित जनजाति मुक्त वर्ग,स्व.लाल रघुवीर सिंह वार्ड क्रमांक 09- अनुसूचित जनजाति महिला वर्ग, रानी लक्ष्मीदेवी वार्ड क्रमांक 10-अनुसूचित जाति मुक्त वर्ग, डॉ. आम्बेडकर वार्ड क्रमांक 11- सामान्य महिला वर्ग ,पं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 12- अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त वर्ग ,संजय नगर वार्ड क्रमांक 13- अनुसूचित जनजाति मुक्त वर्ग,जय महाकाली वार्ड क्रमांक 14 - सामान्य मुक्त वर्ग तथा राम नगर वार्ड क्रमांक 15 -सामान्य मुक्त वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है।

### पूर्व विधायक सांवला राम ...

कबीर आश्रम में रहते हैं। कुछ दिन पूर्व अपने नाती को देखने गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम मटिया पहुंचे थे। बुजुर्ग पर हमला को ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारी ने एसडीएम कोर्ट में पेश किया। सबूत के आधार पर गुण्डरदेही एसडीएम ने आरोपी को तत्काल जेल भेज दिया।






## खबर संक्षेप

### ग्राम भेजा मैदानी में श्रीमद् भागवत कथा 23 से

**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम भेजा मैदानी में राजेंद्र यादव एवं कौशल मलागर द्वारा 23 से 29 दिसम्बर तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक पंडित लोकेश शर्मा नेवारीकला वाले होंगे। परायणकर्ता पंकज शर्मा व गौरव तिवारी करेंगे। नरेश साहू ने बताया कि 23 दिसम्बर को गौकरण पूजा, कलश यात्रा, वेदी पूजन, कथा प्रारंभ होगी। 24 को ध्रुव चरित्र, सती चरित्र कथा होगी। 25 को प्रहलाद चरित्र, 26 को कृष्ण जन्म उत्सव मनाया जाएगा। 27 को रुक्मिणी विवाह होगा। 28 को सुदामा चरित्र, चढौती के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। 29 दिसम्बर को गीता पाठ, हवन, पूर्णाहुति होगी।

### एपीएस में झमाझम आनंद उत्सव 21 को

**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी डौंडीलोहारा द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में 21 दिसंबर को आनंद उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। बच्चों द्वारा कर्मा, ददरिया, सुवा, भांगड़ा ,राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। संस्था के वीके साहू ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे से शाम तक कार्यक्रम चलेगा। आनंद उत्सव में सभी नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है।

### जेल प्रहरी के साथ मारपीट

**भिलाई।** मामूली विवाद के बाद जेल प्रहरी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पदमनाभपुर दुर्ग निवासी दिवाकर सिंह पैकरा केंद्रीय जेल दुर्ग में जेल प्रहरी के पद पर कार्यरत है। 15 दिसंबर को अपने साथी कमल साहू के साथ देशी शराब भट्टी पोटिया गया था। कसारीडीह निवासी आरोपी रमन यादव जो पूर्व में केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध था। आरोपी रमन यादव ने अपने अन्य दोस्त अशोक यादव, दादु यादव समेत अन्य के साथ मिलकर प्रहरी को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। घटना में प्रहरी के नाक, कान, सिर व अन्य हिस्सों में चोट आई है।

### स्कूली छात्र के साथ मारपीट

**भिलाई।** स्कूली छात्र के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि हुड़को स्थित डीएवी स्कूल का कक्षा 10 वीं का छात्र सोमवार की शाम अपने दोस्त के साथ नेहरु नगर चौक के पास बेकरी में बाइक से नाश्ता करने आया था। इसके बाद अग्रसेन चौक के सामने नेहरू नगर के पास पीछे से हिमांशु, लक्ष्य शर्मा जिसे पीड़ित इंस्टाग्राम के जरिये जानता है। बाइक से आए और बाइक को डेस मारने को लेकर विवाद करने लगे। हिमांशु और लक्ष्य शर्मा ने छात्र को जमकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपी युवकों ने पीड़ित को हाथ मुक्का और डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया। तभी आरोपियों के अन्य साथी भी घटनास्थल पहुंचे और छात्र को ताबड़तोड़ पिटाई कर दी। पीड़ित को बचाने आए दोस्त के साथ भी युवकों ने मारपीट किया।

# कुएं के कारण बढ़ गया था खतरा, जगत की ऊंचाई बढ़ाकर लगा दी जाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत कुसुमकसा के वार्ड 7 कुआं चौक स्थित एकमात्र कुएं के चारों ओर मुंडेर का निर्माण कर सुरक्षा के लिए जाली लगाई गई। इससे एक ओर जहां मुख्य चौक पर होने और इसकी सतह जमीन के बराबर हो जाने से हमेशा बना रहने वाला खतरा टल गया है, वहीं दूसरी ओर इसका उपयोग अब बिना किसी भय के किया जा सकेगा। बता दें कि जनपद सदस्य संजय बैस ने नागरिकों की मांग पर इस कार्य के लिए जनपद सदस्य मद से राशि स्वीकृत करवाया है। उल्लेखनीय है कि कुसुमकसा के वार्ड क्रमांक 7 में बहुत पुराना कुआं है, जिसके पानी का उपयोग मोहल्लेवासी आज भी करते हैं। इसका पानी सुपाच्य और स्वादिष्ट होने के कारण निस्तारी के साथ ही पीने के लिए भी किया जाता है। लेकिन, कुएं के जमीन की सतह के बराबर होने के कारण हमेशा खतरा बना रहता था। कई बार लोग इस कुएं में गिर भी चुके हैं। मोहल्लेवासियों जनपद सदस्य संजय बैस के पास अपनी समस्या रखी, जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए अपनी जनपद निधि से एक लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की। इस राशि से जहां कुएं की मुंडेर को ऊंचा किया गया, वहीं सुरक्षा के लिए इस पर लोहे की जाली भी लगाई गई। मुंडेर की ऊंचाई बढ़ाने और सुरक्षा जाली लगाए जाने से जान-माल का खतरा टल गया है। वहीं, इससे कुएं का पानी भी स्वच्छ और निर्मल भी रहेगा। मोहल्लेवासियों ने जनपद सदस्य संजय बैस का आभार व्यक्त किया है।

## ग्राम पंचायत कुसुमकसा के वार्ड 7 में पुराने कुएं को लोगों ने सहेजा



### नागरिकों ने जताया आभार

सरपंच शिव राम सिन्द्रामे ने कहा कि यह बहुत पुराना कुआं है, जो हम सबके लिए बहुत उपयोगी है। लेकिन, खतरे को देखते हुए हमने जनपद सदस्य संजय बैस से सुरक्षा के उपाय करने का आग्रह किया था। उन्होंने कुएं के रखरखाव और हमारी सुरक्षा के लिए राशि स्वीकृत कर समस्या दूर कर दी। वहीं, इस कुआं चौक को सजा दिया। मोहल्ले के निवासी कन्हैया भौसर्य ने कहा कि हमारी पुरानी मांग को जनपद सदस्य संजय बैस ने पूरा किया है। हम सभी उनका धन्यवाद करते हैं। इस अवसर पर राजेंद्र पोटाई, गिरवर रावटे, देवनाथ माडिया, बीरबल सिन्द्रामे, महेश कुरैटी, मालिक सिन्द्रामे, तिहारु पंन्द्रामे, हीरा पंन्द्रामे, भगत नेताम, नारद पंन्द्रामे, ठालू नेताम, नारायण बीर सिंग सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत सिकोसा में धूमधाम से मनाई गई जयंती, जिपं सदस्य हुए शामिल

# बाबा गुरु घासीदास के संदेश संपूर्ण मानव समाज के लिए कल्याणकारी हैं : पुष्पेंद्र







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुण्डरदेही

गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम पंचायत सिकोसा में बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चन्द्राकर बोरगहन और इरागुड़ा में गुरु घासीदास जयंती समारोह में पहुंचे। ग्राम सिकोसा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदस्य ज़िला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चंद्राकर थे, अध्यक्षता संजय बारले ने की। विशेष अतिथि जनपद सदस्य ममता चंद्राकर, सरपंच आरोप चंद्राकर, सोसायटी अध्यक्ष योगेश महिलवार, विनोद चंद्राकर सहित सतनामी समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। अतिथियों ने बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा अर्चना कर समाज और क्षेत्रवासियों के समृद्धि की कामना की। पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि जैतखाम का सौंदर्यीकरण अपनी ज़िला पंचायत निधि से कराया। बाबा जी का संदेश सिर्फ सतनामी समाज के लिए नहीं था, बल्कि उनका संदेश संपूर्ण मानव समाज के लिए कल्याणकारी है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही आपसी प्रेम और सद्भाव बढ़ेगा। गुरु घासीदास के बताए सत्य मार्गो पर चलने का आग्रह किया।

### समाज को नई दिशा देने वाले महान संत

जिपं सदस्य श्री चंद्राकर ने बाबा गुरु घासीदास को समाज को नई दिशा देने वाला महान संत बताया, जिन्होंने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। गुरु घासीदास जी के उपदेश समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए वर्तमान युग में भी बेहद आवश्यक हैं। गुरु घासीदास जी के व्यक्तित्व व कृतित्व एवं शिक्षाओं को समझकर अपने व्यवहार में लाने की आवश्यकता है। वे सामाजिक समरसता के प्रणेता हैं। गुरु घासीदास जी को युग दृष्टा के रूप में वर्तमान युग से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि उनके उपदेश आज भी मार्गदर्शक हैं। इस दौरान द्वारिका बारले, सुकित लहरे, हेमलाल मार्कण्डेय, महेश महिलवार सहित सतनामी समाज व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## वार्ड क्रमांक 10 में धूमधाम से मनाई गई गुरु घासीदास जयंती



**डौंडीलोहारा।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 में बाबा गुरु घासीदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। अतिथि लोकेश्वरी गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत व सभापति झुमुक लाल कोसमा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा जी की पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि बाबा जी ने मनखे - मनखे एक समान का संदेश दिया, उसी पर हम सबको उसी पथ पर अमल करते हुए चलना है। नगर के सतनामी समाज की मंशा के अनुरूप और वार्ड पार्षद सुभद्रा टांडेकर की मांग पर सतनामी समाज सामुदायिक भवन के लिए 6 लाख की स्वीकृति कराई है। भवन निर्माण का कार्य भी अति शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। समाज की मांग पर वार्ड पार्षद सुभद्रा टांडेकर ने 40 नग प्लास्टिक कुर्सी प्रदान करने की घोषणा की। साथ ही साथ लोकेश्वरी साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि हमारे कार्यकाल में तहसील सतनामी समाज भवन के लिए 20 लाख की राशि भी स्वीकृत कराई है, जो भवन वार्ड क्रमांक 11 में निर्माणाधीन है। इस अवसर पर जुगरु बघेल, गंगाराम, सोहन, अनीता बघेल, विजय बारले, नरमादिया बाई, महेंद्र बघेल व समाज के सम्माननीय जनप्रतिनिधि एवं मातृशक्ति नौजवान युवा साथी उपस्थित रहे।



# विद्यार्थियों को विशेष प्राथमिकता के साथ शिक्षा ऋण प्रदान करें बैंकर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक में जिले के सभी बैंकर्स को विशेष प्राथमिकता के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण प्रदान करने के निर्देश दिए। जिससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अध्ययन–अध्यापन में आर्थिक कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिलास्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक में उपस्थित बैंकर्स को उक्ताशय के निर्देश दिए।

उन्होंने बैठक में उपस्थित जिले के सभी बैंकर्स से जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय पर आर्थिक मदद उपलब्ध कर उनके भावी भविष्य के निर्माण में सहयोग प्रदान करने को कहा है। बैठक में जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक सौरव जैन सहित बैंकर्स सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले में संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति योजना की प्रगति की भी समीक्षा की।

उन्होंने बैंकवार प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति योजना के क्लेम से संबंधित लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्टैंड अप इंडिया और अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति आदि विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर में की गई स्वास्थ्य जांच



**गुरूर।** स्वास्थ्य शिविर में गैर संचारी व अन्य बीमारियों की जांच की गई। विकासखंड गुरुर में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डॉ सुनील भारती के मार्गदर्शन में विकासखंड गुरुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मधुमेह 82, रक्तचाप 91, ओरल कैंसर 82, स्तन कैंसर 40, ग्रीवा कैंसर 40 एव दंत रोगों का स्क्रीनिंग किया गया साथ ही 20 लोगों का टी बी जाच हेतु एक्स रे किया गया। शिविर में नेत्र जांच, कुष्ठ रोग, टीबी, गैर संचारी रोग के अन्तर्गत उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर स्क्रीनिंग, रक्त अल्पता, वजन, बीएमआई व अन्य जांच एवं उपचार कर आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा दिया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा उपस्थित जन समुदाय को पोषण शिक्षा दैनिक गतिविधी के अन्तर्गत योगाभ्यास एव ताम्बकु, शराब व नशा जनित चीजों से दूर रहने अपील की गई, जिससे हमारा शरीर सेहतमंद रहे।

उक्त शिविर में जिला चिकित्सालय से मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर भगत, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिषेक मेश्राम, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शुभम चंद्राकर, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ डीआर ठाकुर एवं विकासखंड गुरुर के स्टाफ द्वारा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं दी गई।

# जेल में की गई 70 वर्ष से अधिक उम्र के बंदियों की स्वास्थ्य जांच

**बालोद।** नालसा द्वारा पुराने एवं असाध्य रोग से पीड़ित बंदियों के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला यूनिट बालोद द्वारा बालोद जेल का निरीक्षण किया जा रहा है।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार 19 दिसंबर को नालसा द्वारा 10 दिसंबर से 10 मार्च तक पुराने एवं असाध्य रोग से पीड़ित बंदियों के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्यामलाल नवरत्न के मार्गदर्शन में गठित जिला यूनिट बालोद के द्वारा जिला जेल बालोद का निरीक्षण कर प्रत्येक विचाराधीन बंदी एवं दोषसिद्ध कैदी से उनके उम्र एवं स्वास्थ्य संबंधी तथा 70 वर्ष से अधिक उम्र एवं असाध्य बीमारी से ग्रस्त बंदी के संबंध में जानकारी ली गई। जिला यूनिट के सदस्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्वेता उपाध्याय गौर, डिप्टी लीगल एड डिफेंस कौंसिल बालोद देवलाल चौधरी व पैनल अधिवक्ता पंकज राजपूत तथा जेल अधीक्षक बालोद एस शोभारानी एवं अधिकार मित्र उपस्थित थे।



# बीजापुर में मना पेंशनधारी कल्याण संघ का स्थापना दिवस, जिले के पेंशनर हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ स्थापना दिवस के दिवस पर सदस्यों ने निकाली रैली

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का 23वां प्रांतीय पेंशनर्स डे एवं सम्मान समारोह का आयोजन दक्षिण बस्तर के जिला बीजापुर में स्थापना दिवस को हुआ। कार्यक्रम में जिले के पेंशनर भी शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा थे, अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर डीपी. मनहर ने की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रांत के विभिन्न जिलों एवं तहसील के पदाधिकारी एवं पेंशनर्स साथी उपस्थित थे। 80 साल से ज्यादा उम्र के पेंशनरों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। बालोद जिले से छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ आरएम चावड़ा के निर्देशन में पदाधिकारी एवं पेंशनरों में पीएल देशमुख, बीआर बेलसर, मोहनलाल धुर्वे, ताम्रध्वज निषाद, चंद्रभूषण देशमुख, बलदेव सिंह ठाकुर, चुरामन सिंह साहू, गंगा बाई, सावित्री बाई, पुष्पा बाई एवं किरण सिन्हा उपस्थित थे। इस अवसर पर चट्टानी एकता जिंदाबाद पेंशनर्स कल्याण संघ जिंदाबाद का उद्घोष करते हुए रैली निकाली गई।

बालोद, गरियाबंद, रायपुर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल, सुकमा, भानु प्रतापपुर, मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, रायगढ़, जशपुर, जगदलपुर, धमतरी जिले के पेंशनर रैली में शामिल हुए। प्रांतीय सम्मेलन बीजापुर के मंगल भवन के विशाल प्रांगण में हुआ।

### सात संदिग्धों पर कार्रवाई

**भिलाई।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में संचालित औद्योगिक इकाईयों और क्षेत्र में संदिग्ध बाहरी व्यक्ति जो अपनी पहचान छिपाकर रहने सात को पकड़ा है। इनके खिलाफ पुलिस ने धारा 128 बीएनएस के तहत कार्रवाई किया है। एसडीओपी हरिश पाटिल ने बताया कि उतई थाना क्षेत्र में संचालित प्लाईवूड फैक्ट्री मारूति सिजनिंग और केमिकल वूड्स, पाण्डेय आरा मिल उतई में बाहर से आए मजदूर काम करने की जानकारी मिली।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता – उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

## समाज कल्याण विभाग द्वारा झलमला में किया गया आयोजन

# दिव्यांग कलाकारों, खिलाड़ियों व प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले राज्य सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समाज कल्याण विभाग बालोद द्वारा जिले के दिव्यांग कलाकारों, खिलाड़ियों एवं प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने झलमला स्थित समाज कल्याण विभाग कार्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होकर दिव्यांगजनों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान ग्राम कचांदुर के दिव्यांग बच्चों द्वारा स्वागत गीत का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के दिव्यांग कलाकारों, खिलाड़ियों एवं प्रतिभाओं को सम्मानित करने का यह अनूठा कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता को अपनी कमजोरी न समझे, अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहें, कठिन परिश्रम और मेहनत से सफलता अवश्य मिलती है। इस अवसर पर उपस्थित दिव्यांग कलाकारों और खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों ने अपने जीवन के संघर्ष और उपलब्धियों को भी साझा किया।



रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)